Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 22.11.2021 | अंक 62

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# बरही चौक पर कांग्रेस पार्टी के द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान, मोदी सरकार को नही है कोई चिंता : राजेश ठाकुर

**अपेम लाइवः बरही**

देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म शताब्दी के अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा राज्य भर में 14 से 29 नवंबर तक चलाए जा रहे जन जागरण कार्यक्रम के तहत बरही कांग्रेस पार्टी की ओर से बरही विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि सह जिला महासचिव विनोद यादव व संचालन कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित हुए। उनके साथ प्रदेश से कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शाहज़ादा अनवर, कमलेश कुमार, केदार पासवान, मानस सिन्हा, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, शकील अनवर, जयशंकर पाठक, मदन मोहन शर्मा, गजेंद्र सिंह भी शामिल रहे। विधायक उमाशंकर अकेला तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं अन्य अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने केंद्र की सरकार पर जोरदार हमला करते कहा कि देश आज महगाई की



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को मालार्पण कर स्वागत करते लोग



कार्यक्रम मे उपस्थित लोग

मार झेल रहा है। उन्होंने नारा को बुलंद करते हुए कहा बहुत हुई महगाई की मार,अब हटाओ मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि हमे मजबुर नही मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए। किसानों के सामने प्रधानमंत्री ने घुटने टेके। ये दर्शाता है कि ये काला कानून देश हित मे नही था। उन्होंने कहा कि देश मे नफरत फैलाने का कार्य बीजेपी ने किया। प्रधानमंत्री को अहंकारी और तानाशाही बताते हुए कहा कि बीजेपी को सदन से सड़क पर लाने का कार्य करने की जरूरत है। बढ़ती महंगाई से आम हो या खास सभी परेशान हैं। लेकिन इसकी चिंता मोदी सरकार को नही है। बंधु तिर्की ने कहा कि सभी महानगरो को जोड़ने वाली धरती बरही केंद्र की सरकार को रास्ता दिखाने का कार्य करेगी। आर्थिक मंदी, महगाई से आम जनता परेशान है। किसान आंदोलन में कई किसान शहीद हुए। कोंग्रेस पार्टी ने लड़ाई लड़ी और आज जीत हासिल की। उन्होंने इस कार्यक्रम से बूथ स्तर तक जन जागरण अभियान को तेज करने की बात कही। विधायक उमाशकर अकेला ने कहा कि केंद्र सरकार ने खाद्य तेल को 200, गैस सिलेंडर को 1000, पेट्रोल को 100 से ऊपर करने तथा देश को बेचने का कार्य किया है। 2024 में जुमलेबाजी पार्टी को हटाएंगे और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का काम करेंगे । आगे उन्होंने धोती साड़ी योजना को लेकर राज्य सरकार की तारीफ की। उन्होंने बताया कि नीलाम्बर पीताम्बर योजना के तहत 4 लाख लोन, जनता आपके द्वार से जनता की सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव कहा कि विस्थापन का मुद्दा सदन में उठाने, बरही के ठेले, स्थानीय दुकानदार के लिए हक की लड़ाई लड़ रहा है । कार्यकम का समापन एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, मो निजामुद्दीन अंसारी, मनान वारसी, विजैया मुखिया दसरथ यादव, छ्ठु गोप, वासुदेव यादव, तोखन रविदास, मो वारिश, मनोहर यादव, दीपक गुप्ता, अमित जायसवाल, सुनील साहू, कोनरा मुखिया ताजुद्दीन, बंशी यादव, दुलमाहा मुखिया प्रति. निधि मो असलम, कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, कोनरा मुखिया प्रत्याशी यासमीन तबस्सुम, यमुना यादव, द्वारिका दास, पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम गुप्ता, बिरजू पासवान, तौकीर रजा, रिजवान अली, रुस्तम अली, अशोक ठाकुर, मुखिया प्रत्यासी मलकोको दिनेश यादव, सुनील चंद्रवंशी, राजू राणा, गुड्डू निषाद, महादेव यादव, तापेस्वर भुइयां, संजय यादव, हरि गुप्ता, सरयू गोप, टिंकू केशरी, छोटेलाल यादव, मनोज यादव, बीरेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता अरुण साहू के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत,

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ आयोजित रोड शो में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

**अपेम लाइवः बरही**





प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत मे शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता

बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस नेता अरुण कुमार साहू के नेतृत्व में बरही में रोड शो किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस पर्टी के प्रदेश अध्यक्ष रा. जेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, शाहज़ादा अनवर, कमलेश कुमार, केदार पासवान, मानस सिन्हा, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, शकील अनवर, जयशंकर पाठक, मदन मोहन शर्मा, गजेंद्र सिंह भी शामिल रहे। मौके पर कांग्रेस नेता अरुण साहू ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया। जन जागरूकता अभियान के तहत कोबरा गेट से ओवरब्रिज तक पद यात्रा किया गया। इस दौरान बढती महंगाई से परेशान आम जनता को मोदी सरकार की गलत नीतियों से अवगत कराया। इस अवसर पर अरुण साहू ने कहा कि केंद्र की जल्ट नीतियों के कारण महंगाई चरम पर है। मोदी सरकार बड़े बड़े प्रतिष्ठानों को बेचकर देश को कंगाल बनाने पर तुली है। मौके पर सभी ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि बहुत हुई अब महंगाई की मार, अब नही चाहिए मोदी सरकार। मौके पर उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी मोदी सरकार की आलोचना करते हुए मोदी सरकार के खिलाफ चरणवध आंदोलन करने की जरूरत है। मौके पर बबलू साव, सोनी केशरी, संजय पासवान, भोली पासवान, उमेश केसरी , राजेश पासवान , सुनील रविदास , नितेश राणा, सुनील राणा , विकास गुप्ता, सफीक खान, राजा खान, दिनेश कुमार, मोहन साव, बीरबल साव, राजेश कुमार साहू , मुकेश यादव, रिंकू यादव, सुमन पांडेय, चमन साव, सहदेव राणा, प्रकाश कुमार, लालेश साहू सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



दिनांक: 22-11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## बरही के राष्ट्रपति पुरस्कृत ईशो सिंह को सीएम हेमंत सोरेन ने किया सम्मानित

### झारखण्ड विधानसभा के 21 वें स्थापना दिवस पर रांची में मिला सम्मान




मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन से सम्मानित होते रास्ट्रपति पुरस्कृत ईशो सिंह

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड के मवि बेन्दगी से सेवानिवृत्त राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक रहे ईशो सिंह को 21 वें झारखण्ड विधानसभा स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधान सभा रविन्द्र नाथ महतो एवं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव की उपस्थिति में सम्मानित किया। विदित हो कि हज़ारीबाग़ से तीन राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षको को सम्मानित किया गया। इनमे ईशो सिंह भी शामिल रहे। ज्ञात हो कि प्रधान शिक्षक रहे ईशो सिंह को मवि बेन्दगी में कार्यरत रहते हुए इन्हें विद्यालय विकास में उत्कृष्ट कार्य करने के एवज में 2009 में राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया था। इनका यह सम्मान बरही के लोगों के प्रेरणादायी रहा।21वें विधानसभा स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित होने पर बरही के लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने में एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, सुरेश रजक, राज.ेन्द्र केशरी, रिजवान अहमद, उषा रानी, नसरीन बनो, महेश यादव, मुन्ना यादव, रेखा कुमारी, सरोज कुमारी, महेंद्र दुबे, रामचंद्र पांडेय, रामनाथ प्रसाद, राम प्रसाद राम, डॉ अनिल कुमार, कपिल केशरी, तापेश्वर प्रसाद, बीरेंद्र कुमार, कृष्णा प्रजापति, अर्जुन साव, प्रो0 हीरामन साव, प्रो बद्री साव, मो तौकीर रजा, मो तबरेज आदि लोगों ने बधाई दी है।

## जानिए राष्ट्रपति पुरस्कृत ईशो सिंह के बारे में...

जन्मतिथि-----20 सितंबर 1950
पिता का नाम --स्वर्गीय नेहाल सिंह
पैतृक गांव---हजारी धमना
प्रखंड--चौपारण
जिला-हजारीबाग
प्रारंभिक पढ़ाई-प्राथमिक विद्यालय हजारी धमना
मिडिल पढ़ाई--राजकीय बुनियादी विद्यालय बच्छई
माध्यमिक पढ़ाई--उच्च विद्यालय बरही
स्नातक पढ़ाई-संत कोलंबा महाविद्यालय हजारीबाग
प्रशिक्षण-----प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय चितरपुर
शिक्षक पद पर नियुक्ति तिथि-----30 जून 1973
स्नातकोत्तर डिग्री------नालंदा खुला विश्वविद्यालय पटना से। प्रखंड पुरस्कार प्राप्ति वर्ष----2002
उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल पुरस्कार प्राप्ति वर्ष---2005
राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्ति तिथि एवं वर्ष- 5 सितंबर 2009
सेवानिवृत्ति तिथि-----30 सितंबर 2010
वर्ष 2011 से बरही बुद्धिजीवी मंच का गठन कर समाज सेवा में समर्पित।

## बरही पश्चिमी पंचायत में आपके अधिकार-आपकी सरकार, आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन, विधायक हुए शामिल

### शिक्षा, स्वास्थ्य ,पीडीएस सहित दर्जनों स्टॉल लगाकर की सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**अपेम लाइवः बरही**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला

झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर बरही पश्चिमी पंचायत के प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में शि.विर का आयोजन किया। शि.विर का उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, एसडीओ पूनम कुजूर, सीओ अरविन्द देवाशीष टोप्पो, मुखिया मनोरमा देवी, प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, समाजसेवी कपिल प्रसाद केशरी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज. सिंह चौहान, प्रमुख मंजू देवी, अब्दुल मनान वारसी , पसस बेबी केशरी ने ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्ट०ल लगाया गया। मौके पर आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचा.लित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनक.ार्ड, ज०ब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15वें वित्त, स्क०लरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व अ०डियो-विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि वे इन योजनाओं के बारे में जान सके और स्वरोजगार कर मुख्यधारा से जुड़ते हुए बेहतर जीविकोपार्जन कर सकें। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के तरफ जांच स्ट०ल लगाकर शि.विर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई। मौके पर शमशेर आलम, मो तौकीर, आज़ाद सिंह, संजय यादव, सुनिल साव, सहित सखी महिला मंडल के महिलाएं मौजूद रही।

## अवैध कोयला लदा ट्रक को पुलिस ने किया जप्त, चालक गिरफ्तार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशेर राणा**




जब्त किए गए ट्रक

चोरदाहा चेकपोस्ट पर चौपारण पुलिस ने अवैध कोयला लदा एक ट्रक को जप्त कर चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । उक्त मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि बीते रात्रि लगभग 1 बजे हज़ारीबाग़ कि ओर से एक ट्रक अवैध कोयला लोडकर चौपारण के रास्ते बिहार की ओर जा रहा है। जिसकी सूचना चे.कपोस्ट पर तैनात अधिकारी को दिया गया। चेकपोस्ट पर तैनात गणेश हांसदा ने सुरक्षा बलों की सहायता से उक्त ट्रक कप रोका। जप्त ट्रक संख्या जेएच 02 एयू 1606 के चालक द्वारा प्रस्तुत किये गए कागजात की जांच पड़ताल किया गया तो सारे कागजात अवैध पाया गया। थाना प्रभारी ने उक्त मामले की जानकारी वरीय पदाधिकारियों को देते हुए चौपारण थाना कांड संख्या 397/21, धारा 378/414/420/467/468/471/34 के तहत मामले दर्ज करते हुए चालक महेंद्र साव पिता रामेश्वर साव, मांडू रामगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने रेल मंत्रालय को किया ट्वीट, हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस के ठहराव की रखी मांग,

## रेल यात्रियों को हो रही समस्या को ध्यान में रखकर की मांग

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

जिला परिषद प्रधान शालिनी गुप्ता ने कोडरमा और पारसनाथ स्टेशन पर हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में रेलवे मंत्रालय के साथ ही रेल मंत्री, रेलवे चेयरमैन और महाप्रबंधक को ट्वीट किया है। रविवार को इस ट्वीट में उन्होंने कहा कि 12307 और 12308 हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस का ठहराव 1 जून 2020 से ही झारखंड के कोडरमा जंक्शन और पारसनाथ स्टेशन पर नहीं हो रहा है। वहीं कोहरे के कारण 12987 और 12988 सियालदह अजमेर एक्सप्रेस का परिचालन 1 दि. सम्बर 2021 से 28 फरवरी 2022 तक रद्द करने की घोषणा की गयी है। ऐसे में रा. जस्थान के जयपुर, कोटा, अजमेर और खाटूश्याम का सम्पर्क झारखंड के लोगों से कट जाएगा। जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने आग्रह किया है कि उक्त ट्रेनों का ठहराव पूर्व की भांति कोडरमा और पारसनाथ स्टेशन पर किया जाय। इसके साथ ही हजारीबाग रोड स्टेशन पर भी 12801 और 12802 पुरी नयी दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव पूर्व की भांति शुरू किया जाय ताकि स्थानीय लोगों को दूर की यात्रा करने में सु. विधा हो सके। बताते चलें कि जोधपुर एक्सप्रेस के ठहराव से जंक्शन बनी कोडरमा रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी वाले हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी, ठीक वहीं पारसनाथ स्टेशन जैन तीर्थंकर भगवान महावीर का राष्ट्रीय प्रमुख पर्यटक स्थल होने की वजह से देशभर के हजारों श्रद्धालुओं की आवागमन भी सुगम होगी।




जिप प्रधान शालिनी गुप्ता

## बाबूलाल मरांडी और अन्नपूर्णा देवी ने पूर्व विधायक चितरंजन यादव के प्रतिमा का अनावरण किया, कार्यकर्ताओं ने 51 किलो का माला फहनया



मुख्य अतिथियों का मालार्पन कर स्वागत करते लोग



स्व चितरंजन यादव के प्रतिमा का अनावरण करते अतिथिगण

**अपेम लाइव : बरकटठ्**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने चटकरी में पूर्व विधायक चितरंजन यादव के 12 वीं पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि स्व चितरंजन यादव हमेशा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहते थे। विधायक बनने के पूर्व भी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मिला करते थे। 2005 में बरकट्ठा के विधायक बनने के बाद उन्होंने बरकट्ठा विस क्षेत्र के विकास की बड़ी रूपरेखा की लकीर खींची और उन्होंने कई कार्यो को धरातल पर उतारकर विकास का पैमाना तय किया। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि स्व यादव क्षेत्र के विकास के लिए अपने कार्यकाल में लंबी लकीर खींची। जिसे आज उनके सपनों को विधायक पुत्र अमित कुमार यादव पूरा करने को लेकर प्रयासरत हैं। श्रद्धांजलि सभा को विधायक अमित यादव, बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने भी संबोधित किया। शिक्षक बीएनपी वर्णवाल ने स्व चितरंजन यादव के जीवनी को बताया कि कैसे उन्होंने फर्श से अर्स तक का सफर किया। स्व विधायक के पुण्यतिथि पर उनके विधायक पुत्र अमित कुमार यादव ने जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम में बरकट्ठा, चलकुशा, टाटीझरिया, इचाक, जयनगर प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ता समेत आदि लोंगो ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा का संचालन दुर्गा यादव ने किया ।मौके पर जीप सदस्य कुमकुम देवी, जयदेव चौधरी, टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, अशोक वर्णवाल, अशोक गुप्ता, इंद्रजीत प्रसाद, दर्शन सोनी, बिंदु सोनी, ललन यादव, मो कलीम खां, रामप्रसाद यादव, सुधीर सिंह, राजकुमार सिंह, उपेंद्र पांडेय, मिथलेश पाठक, जागेश्वर यादव, समन ठाकुर, रीतलाल प्रसाद,सुखदेव यादव, दिनेश सिंह, सुबोध चौधरी, भोला सिंह, अजय सिंह आलोक सिंह, रामप्रसाद यादव, विक्रम सिंह, पिंटू मोदीसमेत बड़ी संख्या में हजारीबाग, कोडरमा व गिरिडीह के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



प्रतिक चिन्ह भेंट करते विधायक अमित यादव

## शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए डॉ बालेश्वर राम को सीएम ने किया सम्मानीत

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

झारखण्ड विधानसभा के 21वीं वर्षगाँठ पर राँची में आयोजित समारोह में पपरो निवासी सह राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ बालेश्वर राम को शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए सीएम हेमन्त सोरेन ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा प्रदत्त प्रसस्ति पत्र से सम्मानीत किया। मालूम हो कि डॉ बालेश्वर राम प्लस दो उच्च विद्यालय बड़कागाँव से सेवानिवृत्त हुए थे इससे पूर्व चौपारण स्थित केबीएसएस प्लस दो उच्च विद्यालय चौपारण में बेहतर शिक्षा माहौल स्थापित कर अपने कार्यो की खूब वाहवाही लूटा था। सम्मान पाकर खुशी का इजहार करते हुए बालेश्वर राम ने राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। हमारे चौपारण संवादाता को जानकारी देते हुए डॉ बालेश्वर राम ने बताया कि हमने शुरुवाती क्षण से शिक्षा का बेहतर माहौल स्थापित करने का प्रयाश। बालेश्वर राम ने कहा कि एक शिक्षक कभी रिटायर्ड नही होता बल्कि नई जिम्मेवारियों के लिए स्वतंत्र होता है। कहा हमने सेवानिवृति के बाद से आज तक सामाजिक कार्यो से जुड़ा रहता हूं और जबतक हमारा शरीर स्वाथ्य है पूरा जीवन सामाजिक कार्यो में व्यतीत करूँगा




डॉ बालेश्वर ाराम को सम्मानित करते मुख्यमंत्री

आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---23.11.2021
शुभसंवत् :--2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---चतुर्थी तिथि
दिन :---मंगलवार
नक्षत्र :---आद्रा दिन 11:41 मिनट तक उपरांत पुनर्वसु नक्षत्र
योग :---शुभ
करण :---का
सूर्योदय :---प्रातः 06:40
सूर्यास्त : संध्या 05:20
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मिथुन राशि में
आज का राहूकाल दिन :---03:00 बजे से दिन :---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास :---आज शिवलिंग के ऊपर दुग्धाभिषेक करने से आत्मबल में वृद्धि होता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

THE MECHANICS

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो0 - विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है!



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI Royal Enfield PIAGGIO Mahindra

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का कोडरमा दौरा, कांग्रेसियों ने किया भव्य स्वागत

## देश में आर्थिक मंदी एवं बढ़ती कमरतोड़ महंगाई का जिम्मेवार मोदी सरकार – राजेश ठाकुर

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी जन जागरण अभियान के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर आज गिरिडीह होते हुए कोडरमा पहुंचे। कोडरमा जिला के बरियारडीह से लेकर तिलैया नगर तक जगह–जगह कांग्रेस जनों सहित आम जनों ने प्रदेश अध्यक्ष सहित जन जागरण अभियान में शामिल सभी सम्मानित प्रदेश पदाधिकारी का ढोल बाजे से स्वागत किया। झुमरीतेलैया बेलाटांड़ दुर्गा मंडप परिसर में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रद. ेशअध्यक्ष ने देश में आर्थिक मंदी एवं बढ़ती कमरतोड़ महंगाई का जिम्मेवार मोदी सरकार को ठहराया जबकि तीन कृषि कानून वापस करने पर कहा कि एक तरफ हम19 नवंबर देश की आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी नमन कर रहे थे दूसरी तरफ देश का कमजोर प्रधानमंत्री संसद में बहुमत के दंभ पर लागू किए गए कृ षि कानून को वापस लेकर देश से माफी मांगता है यह देश के अन्नदाता किसानों सहित कांग्रेस की जीत है। आगामी लोकसभा चुनाव में इस घमंडी सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रण लें।इसके पूर्व मरकच्चो प्रखंड द्वारा बरियारडीह में कई युवा साथियों ने कांग्रेस का दामन थाम प्रदेश पदा. धिकारियों का स्वागत किया तत्पश्चात डोमचांच में कांग्रेस के प्रस्तावित भवन स्थल से शहीद चौक तक पदयात्रा कर कांग्रेस जनों ने आर्थिक मंदी एवं कमरतोड़ महंगाई के विरोध में जन–जन को जागरूक करने का काम किया।पदयात्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने किया जबकि मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कोडरमा प्रभारी शहजादा अनवर,अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष शकील अख्तर अंसारी,जन जागरण अभियान प्रदेश प्रभारी केशव महतो कमलेश,राजीव गांधी पंचायत राज संगठन प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर पाठक,प्रदेश सदस्यता प्रभारी मदन मोहन शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता ईश्वर आनंद,वरिष्ठ कांग्रेसी शमशेर आलम,पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष संजय लाल पासवान,पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा,कोड. रमा जन जागरण प्रभारी वासुदेव वर्मा प्रदेश सचिव धनंजय सिंह जिला संयोजक प्रदीप सिंह सहित डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष लीलावती मेहता के अगवाई में वरिष्ठ कांग्रेसी अनवारुल हक, डोमचांच प्रभारी परेश कुमार सिन्हा,सतगावां प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष केदार राणा जयनगर प्रखंड अध्यक्ष फहीम खान कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम,सरोज मेहता,प्रदीप सिंह,अनंत मेहता, बाल गोविंद पांडेय,जहीरुद्दीन सहित प्रखंड के सैकड़ों कांग्रेस जनों ने पदयात्रा कर मोदी सरकार को जनता के अदालत में दोषी ठहराया। जन जागरण सह प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम के तहत कोडरमा में अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फैयाज कैसर,चांद आलम एवं असंगठित कामगार प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ पासवान,नगर पंचायत कोड. रमा निवर्तमान उपाध्यक्ष कुलवीर सलूजा,अर्चना देवी, राम लखन पा. सवान,नागेश्वर राम सहित इंटक प्रदेश अध्यक्ष राज किशोर सिंह,जिलाध्यक्ष अनिल यादव,राजेश यादव द्वारा ढोल नगाड़े एवं फूल माला से स्वागत किया गया।जबकि जिला महासचिव नवनीत ओझा के अगुवाई में बांझेहिह विस्थापित मोर्चा के युवा नेता अरुण यादव ने दर्जनों साथियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया।जन जागरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, सोशल मीडिया प्रभारी गजेंद्र सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा,किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र यादव,जन–जागरण कार्यक्रम जिला सह प्रभारी राजीव महतो,महिला अध्यक्ष बेबी सिन्हा, प्रीति सहाय,सुषमा पांडेय,जिला प्रवक्ता संजय कुमार शर्मा,प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी,युवा नेता सईद नसीम,नारायण वर्णवाल,भोला दास,सुबोध कुमार सहूद खान, आक. ाश सिंह,रोहित गिरी सहित सैकड़ों कांग्रेस जन एवं नगरवासी उपस्थित हुए।



प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत समारोह मे शामिल कांग्रेसी

## झापा में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

### विधायक व बीडीओ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**अपेम लाइवः चौपारण**
**धीरज कुमार**

आपके अधिकार–आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरे शिविर का आयोजन गुरुवार को प्रखण्ड के झापा पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय झापा के परिसर में हुआ। इसमें भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। विधायक श्री अकेला ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि समाज के हर अंतिम ब्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंच सके। युनिवर्सल पेंशन योजना के माध्यम से 60 वर्ष के हर बुजुर्गों को पेंशन की शुरुआत की गई है। रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों की ओर से स्टाल लगाकर ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी व योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया। बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने बताया शिविर में 851 आवेदन विभिन्न विभागों में प्राप्त हुए हैं जिसमें 355 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। जिसमें नए राशन की स्वीकृति के लिए 75, राशनकार्ड त्रुटि के लिए 105,पेंशन के लिए 73,मनरेगा के तहत नए ज०ब कार्ड के लिए 33, ई श्रम पोर्टल पर निबंधन के लिए 20, मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं रोजगार सृजन योजना अंतर्गत 52,धान अधिप्राप्ति के लिए 70, आधारकार्ड के लिए 40 सहित अन्य विभागों में भी आवेदन प्राप्त हूए हैं। वहीं इस दौरान कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव,प्रह्लाद सिंह, मुखिया सह प्रधान पूर्णिमा देवी,प्रतिनिधि मुकुंद साहू, केशरी नायक, नागेंद्र कुशवाहा,जानकी यादव,नवीन यादव, सहित कई लोग उपस्थित थे।



विधायक व बीडीओ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए

## आरागारो में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

### सरकार की योजनाओं की रखें जानकारी, लोगों को पहुंचाएं लाभ : बीडीओ

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा प्रखंड के आरागारों पंचायत में सोमवार को झारखंड सरकार के 2 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, अंचलाधिकारी रामरतन कुमार बरनवाल, प्रखंड प्रमुख लीलावती देवी, मुखिया महेन्द्र यादव मुख्य रूप से उप. स्थित थे स कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को जन वितरण, सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी धोती वितरण के अलावे सुखी संपन्न परिवार का राशन कार्ड काटने तथा गरीब परिवार का नाम जोड़ने की अपील की। साथ ही साथ उन्होंने सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का जानकारी देते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत तीन पेंशन आते हैं। जिसमें इंदिरा गांधी वृद्धा अवस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन शामिल है। उन्होंने बताया कि इन पेशनों के आवेदन में बीपीएल नंबर अनिवार्य है। राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना, राज्य ग्रामीण सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बीपीएल नंबर अनिवार्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पारिवा. रिक लाभ के तहत लाभुकों को बीस हजार रुपये दिया जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, दिन दयाल आवास योजना की विस्. तार रूप से जानकारी दी स कार्यक्रम के तहत पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर, जेएसपीएल के द्वारा भी शिविर लगाए गए। शि. विर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कई लोगो को कोरोना वैक्सीन का टीका लगाया गया। शिविर के माध्यम से इंदिरा आवास, वृद्धापेंशन, राशन कार्ड, सहित कई योजनाओं का आवेदन प्राप्त हुआ। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



कार्यक्रम के दौरान धोती–साड़ी वितरण करते अतिथि

## किशुन यादव एवं मुन्ना यादव ने कोडरमा विधायक से किया शिष्टाचार भेंट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

भाजपा ओबीसी मोर्चा के उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडलीय प्रभारी किशुन यादव एवं पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना यादव ने कोडरमा विधायक नीरा यादव से शिष्टाचार भेंट किया और बरही क्षेत्र में हो रही समस्या पर उन्होंने चर्चा किया साथ मे समाजसेवी भुनेश्वर यादव भी मौजूद थे।



APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर




# कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली





रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह





कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

## हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी



## RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)







Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiasm
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum








इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# ईचाक में स्वच्छ पत्रकारिता एवं चुनौतियाँ पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन

## तीनों स्तंभ को दीमक चाट चुकी है, उसमें पत्रकार शामिल न हो : बैजनाथ मिश्र



सम्मानित होते बरहीं अंचल के पत्रकार गण



सम्मानित होते बरहीं अंचल के पत्रकार गण



सम्मानित होते बरहीं अंचल के पत्रकार गण




अपेम सचिव दयानन्द चौरसिया को सम्मानित करते



सम्मानित होते बरहीं अंचल के पत्रकार गण

**अपेम लाइवः ईचाक**




कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण



अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति को सम्मानित करते प्रेस क्लब ईचाक के पत्रकारगण

हज़ारीबाग जिले के इचाक के सिझुआ उच्च विद्यालय प्रांगण में प्रेस क्लब इचाक द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रेस क्लब इचाक के अध्यक्ष गणेश कुमार व संयुक्त रूप से संचालन संरक्षक राशमशरण शर्मा ने की। सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित यादव, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति मुकुल नारायण देव, एसपी मनोज रतन चौथे बतौर विशिष्ट अतिथि के रुप में शिरकत किए। वही विशेष आमंत्रित अतिथि वरीय पत्रकार सह पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त बैजनाथ मिश्र एवं हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप तथा हजारीबाग के ब्यूरो चीफ ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान हजारीबाग के ब्यूरो चीफ पत्रकारों एवं आंचलिक पत्रकारों को मोमेंटो देकर श०ल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इचाक प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने सेमिनार विषय से लोगो को अवगत कराया। मुख्य उद्घाटनकर्ता सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पत्रकार समाज का सेवा करते हैं। इनके समक्ष चुनौतियां हमेशा रहती है। पत्रकारों की समस्याओं को समझती हूं, इसलिए मैं पत्रकारों के साथ देती हूं। विशेष आमंत्रित अतिथि वरीय पत्रकार सह झारखंड के पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त बैजनाथ मिश्रा ने स्वच्छ पत्रकारिता एवं चुनोतियाँ विषय पर कहा कि हम लोकतंत्र के चौथे स्तंभ नही है। यह तो संविधान में भी नही है। जिस अनुपात माननीय का संपतिया बढ़ गई है, उस अनुपात में हम पत्रकारों का संपत्तियां नहीं है, ऐसी परिस्थिति में भी हम चौथे स्तंभ नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि तीनों स्तंभ में दीमक चाट चुकी है, उसमें आप शामिल ना हो। उन्होंने यह भी कहा कि तीनों स्तंभ के पास विशेषाधिकार है लेकिन पत्रकारिता का विशेष अधिकार नहीं है। हम सिर्फ जनता के पहरेदार हैं। हमारे पास वही अधिकार है, जो जनता के पास है।हमारे पास असीम आजादी नहीं है, बल्कि एक सीमा भारत आजादी है। पत्रकार शिक्षा व काम करते हैं।उन्होंने नारद जी उदाहरण देते हुए कहा कि जो नारद जी करते थे, वह हम नहीं कर पाते है। नारद जी जनता के हित में मिलाकर बोला करते थे। हमें भी जनता के हित में मिला कर लिखना चाहिए। पत्रकारों को ब्यष्टि नहीं बल्कि समष्टि पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने महाभारत के संजय का उदाहरण देते हुए कहा कि वह जो देखते थे वही बोला करते थे। आप भी संजय की भ. ूमिका में जो देखते हैं लिखा कीजिए। सूचना में मिलावटी ना करें। उन्हें लोकतंत्र का व्याख्या करते हुए कहा कि जहां सहमति हो, वही लोकतंत्र है। जहां असहमति हो वहां तानाशाही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में चुनौतियां रहेगी और उससे हम लोगों को घबराना नहीं चाहिए बल्कि चुनौतियों से ही हमें मजा आता है। श्री मिश्रा ने सोशल मीडिया के बारे में यह कहा है कि आज के दौर में सोशल मीडिया समाज मैं दुष्प्रभाव फैला रही है। इस पर हम सभी को सतर्क रहने चाहिए और सरकार को भी इस पर जल्द पहल कर लेनी चाहिए। अन्यथा अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह सा. ेशल मीडिया सबसे खतरनाक साबित होगा। हमें समाज को जोड़ने वाली बात लिखना चाहिए, ना कि तोड़ने वाले बात लिखनी चाहिए। श्री मिश्रा ने रामराज राज्य तुला भारत राज्य से की। भरत जी जब शासन संभाली तो सुख सु. विधाओं से दूर रहकर एक कुटिया में रहने लगे थे। आज के शासन संभालने वालों को भी सुख सुविधाओं से दूर रहना चाहिए। तभी रामराज्य स्थापित होगा। विशिष्ट अतिथि ड० मुकुल नारायण देव ने कहा कि मीडिया को आज बड़ी चुनोतियाँ का सामना कर पड़ रहा है, इसलिए हर पत्रकार का कर्तव्य बनता है कि खबर सत्य हो और चुनोतियाँ काफि कठिनाई होती है। पत्रकारिता व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामान्य जनता की हित के लिए पत्रकारिता हो। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने कहा की पत्रकार के समक्ष हमेशा से चुनौतियां रहा है, पुलिस एक्शन के रूप में जिस तरह से काम करती है पत्रकार ठीक उसी तरह अपनी कलम की ताकत से काम करते आ रहे हैं और समाज को सच्ची तस्वीर दिखाने का जोखिम उठाते हैं। पत्रकारों के हित में पुलिस हमेशा तत्पर है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने अपने काब्य पंक्ति से शुरु करते हुए कहा कि मैं लिखने लिए नही लिखता हूँ समाज मे बदलाव लाना चाहता हूं... दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ उमेश राणा ने प्रखंड से लेकर राष्ट्र तक चुनोतियाँ है। पत्रकार हर चुनोतियो का सामना करते हुए समाज को बांधे हुए रखने की क्षमता होती थी। पत्रकार भाई हौसला न हारे। हिदुस्तान के प्रसन्न मिश्रा ने कहा कि स्वच्छ पत्रकारिता के साथ चुनोतियाँ एक साथ है। मेरे विचार से चुनोतियाँ नही है, आर्थिक समस्याएं है हमारे सामने। इसलिए पत्रकारिता के साथ आर्थिक स्रोत के लिए कुछ काम करें। सेमिनार में अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, संजय सागर, नरेश कुमार, रितेश ठाकुर, रियासत हसन, दयानंद चौरसिया, शमीम अहमद ने कहा कि अंचल के पत्रकारों के समक्ष आर्थिक संकट होती है। इस पर पहल हो। बालेश्वर कुमार, अविषेक कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, जिला परिषद के पूर्व सदस्य उमेश मेहता, अंजू देवी, सुशांत सोनी, सम्मेलन को सफल बनाने में मुख्य रूप से इचाक प्रेस क्लब के अध्यक्ष गणेश प्रजापति, क्लब के संरक्षक रामशरण शर्मा, प्रेस क्लब के सचिव अनिल राणा, अरुण वर्मा, महेश प्रसाद मेहता, दीपक सिंह, अभिषेक कुमार, कुलदीप कुमार, रमेश रंजन, रामदेव मेहता, रंजीत कुमार, अनिल कुमार, अशोक राम, कुलदीप प्रसाद मेहता, श्याम देव प्रसाद मेहता, रमेश रंजन, रामावतार स्वर्णकार ,सकेंद्र प्रसाद मेहता, गौतम कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई। सेमिनार में हजारीबाग जिले के इचाक बरही चौपारण पर कथा चलकुशा व पदमा कटकमसांडी कटकमदाग बड़कागांव के पत्रकार शामिल हुए।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## अखिल भारतीय किसान महासभा बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : बिरनी गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बैठक में शामिल लोग

बिरनी प्रखंड के अंतर्गत अखिल भारतीय किसान महासभा की मीटिंग पार्टी कार्यालय बिरनी में किसान सभा के प्रखंड अध्यक्ष रामसहाय यादव के अध्यक्षता में मीटिंग हुई। संचालन उपाध्यक्ष कैलाश यादव मध्य जोन जिला परिषद ने किया जिसमें 26 नवंबर को किसान आंदोलन का पूरे 1 साल हो रहा है उस दिन प्रखंड मुख्यालय में किसानों का धरना दिया जाएगा जो साल भर से किसान लड़कर तीनों कृषि कानून मोदी जी वापस लिए हैं। उस पर मोदी लोकसभा का सत्र बुलाकर के कानून वापस करें। और एमएसपी को कानूनी रूप दी जाए आज किसान ग्यारह सौ रुपये धान बेचने पर मजबूर है,सरकार प्रत्येक पंचायत मे पैक्स खोलकर सरकारी दर से धान की खरीदारी करने की गारंटी करे।मुख्य अतिथि किसान नेता मुस्तकीम अंसारी एवं प्रखण्ड कमिटी के साथी उपस्थित हुए।

## विष्णुगढ़ के बेडा हरियारा पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन

### द्वार पहुंचकर किया गया जनता की समस्याओं का समाधान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


जनता दरबार में लाभुक को स्वीकृति पत्र सौंपते पदाधिकारी

आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड के बेड़ा हरियारा पंचायत में जनता दरबार का आयोजन किया गया। पंचायत भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीओ रामबालक कुमार, मध्य जिप सदस्य यशोदा देवी, मुखिया रामचंद्र यादव, पंसस दीपक रजक, उपमुखिया अंजू देवी, केबी मंडल, गुरु प्रसाद साव समेत कई लोगों ने दीप प्रज्जव. लित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर कई विभागों का स्ट०ल लगाकर संचालित योजनाओं की जानकारी समेत समस्याओं का त्वरित निष्पादन हेतु कई आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में दिव्यांगों को बैशाखी, लाभुकों को व्हील चेयर, कंबल, किसानों को क्रेडिट कार्ड, मनरेगा ज०ब कार्ड समेत वृद्ध, विधवा, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, कोरोना वैक्सीन, ई-श्रम कार्ड समेत कई कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को आच्छादित किया गया। बीडीओ ने कहा कि कार्यक्रम में आपकी जरूरत की हरेक जनसमस्याओं का शीघ्र निराकरण होगा। अपनी समस्याओं के बाबत सं. बंधित अधिकारी के स्टॉल पर आवेदन दें। आपकी हरेक समस्या पर त्वरित कार्यवाही होगी। बेड़ा हरियारा पंचायत में आपके अधिकार, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए जीवन सोनी, लक्ष्मण यादव, अर्जुन यादव, कन्हाई यादव, झल्लू पंडित, विवेक गुप्ता, मनोज यादव, रोहित कुमार, राजेश यादव ने स्टॉलों में लोगों को सहयोग देकर जनसमस्याओं के निष्पादन में अहम भूमिका निभाई। मौके पर राजेश यादव, मेघलाल तुरी, रामबली तुरी, कारू प्रजापति, सुनील यादव, डालेश्वर यादव, बिसुन प्रजापति, महेंद्र प्रजापति समेत कई लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी के सहयोग से सीकरी पंचायत में 455 कंबल का वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते लोग

ग्राम पंचायत सीकरी के उच्च विद्यालय प्रांगण में मुखिया सह प्रधान आशा सिंह की अध्यक्षता में एनटीपीसी जागृति महिला मंडल के सहयोग से ठंड को देखते हुए , ग्रामीण बुजुर्ग महिला,पुरुषों, विधवा, विकलांग, असहाय के बीच 455 कंबल का वितरण किया गया। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मावती मुत्याला को आशा सिंह के द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। संयुक्त रुप से दोनों बारी बारी से उपस्थित सारे ग्रामीण महिला पुरुषों को कंबल दिया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरएनआर के डीजीएम अजीत कुमार समाजसेवी कृष्णा सिंह, अजगैबुल अंसारी ,इसराइल मियां, सिद्धेश्वर राम, अनुज राम, शशि कुमार सिंह, आर्यन सिंह, शैलेश सिंह, युगेश्वर सिंह, प्रदीप गिरी, अरुण गिरी, विशेश्वर गिरी, अनिल गिरी, पारसनाथ महत, कृ ष्णा महतो, महावीर पटेल, कन्हाई साहू, कैलाश पांडे, सुखदेव पांडे ,कार्तिक राम, निरंजन राम ,पंकज कुमार, रामजी प्रसाद सिंह, तालेश्वर कुमार ,हरीश चंद्र प्रसाद, जगत किशोर प्रसाद ,जुगेश्वर कुमार ,बेचु राना, पप्पू कुमार ,कालो देवी, रीना देवी, सोनी कुमारी, नेहा कुमारी, सुनीता देवी, सरिता देवी, रुकमणी देवी आदि कई लोग उपस्थित थे।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड में सरकार आपके द्वार 24 नवम्बर से होगा शुरू

### कोल्हैया पंचायत में 24 नवम्बर को होगा आगाज और चारु पंचायत में 27 दिसम्बर को होगा समापन

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**

आपके अधिकार आपके सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आगाज 24 नवम्बर से कान्हाचट्टी प्रखण्ड में होगा। 24 नवम्बर को कोल्हैया पंचायत से कार्यक्रम का आगाज होगा और 27 दि. सम्बर को चारु पंचायत से समापन होगा।प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने बताया कि 24 नवम्बर को प्रखण्ड के कोल्हैया पंचायत से कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है और चारु पंचायत से सम्पन्न होगा।. उन्होंने कहा कि प्रखण्ड में सभी विभागों को आपके अधिकार आपके सरकार,आपके द्वार में शामिल होने के लिए पत्रचार किया गया है तथा जिस पंचायत में कार्यक्रम होगा वहां बड़े पैमाने पर प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।ग्रामीणों से भी कार्यक्रम में आने के लिए विशेष आग्रह किया गया है।कार्यक्रम में अ०न द स्प०ट मामलों का निष्पादन भी होगा।

## बड़कागांव प्रखंड के सिंदवारी पंचायत के स्वास्थ्य सहिया महिलाओं ने विधायक अंबा प्रसाद को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


विधायक को आवेदन सौपतें ग्रामीण

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के हजारीबाग स्थित आवास पर सोमवार को बड़कागांव प्रखंड के सिंदवारी पंचायत की स्वास्थ्य सहिया महिलाओं ने विधायक से मुलाकात किया एवं ज्ञापन सौंपाद्य उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सहिया सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लगातार कार्य कर रही है परंतु एनटीपीसी कंपनी द्वारा अधिग्रहण के पश्चात सिंदवारी पंचायत के ग्राम सिंदवारी, चूरचू, सोनबरसा गांव विस्थापित होने की स्थिति में हैं। सभी स्वास्थ्य कर्मी पूर्ण रूप से बेरोजगार हो जाएंगे। हालात को देखते हुए विधायक अंबा प्रसाद को ज्ञापन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की हैद्य विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की स्वास्थ्य सहिया महिलाओं की समस्याओं पर तुरंत कार्रवाई करते हुए उपायुक्त हजारीबाग एवं एनटीपीसी के महाप्रबंधक को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखा है। जल्द ही म. हिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए ऐसा सुनिश्चित किया जाएगा

## बिरहोरों के बीच डिग्निटी फॉर वर्क किट का वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



किट का वितरण करते रंजीत चौबे

जन सेवा परिषद एवं गूंज नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत के ग्राम महूदी टोला सतभैया तथा ग्राम सा. ेनपुरा मैं गांव के गली मो. हल्ला की साफ-सफाई करवाई गई तथा इसके बदले डिग्निटी फ०र वर्क कीट का वितरण किया गया। गूंज नई दिल्ली संस्था से आए हुए सनी कुमार ने बताया की संस्था द्वारा वैसे परिवार जिनका कोविड-19 के दौरान काम छूट गया हो वैसे परिवार को मदद दी जाती है लेकिन इसके बदले अपने श्रमदान से अपने ही घर के आस-पास अपने इस्तेमाल के लिए कार्य करना आवश्यक है तथा जन सेवा परिषद के रंजीत कुमार चौबे द्वारा बिरहोर टोला मैं लगातार लोगों के बीच जाकर साफ सफाई तथा जीवन शैली को सुधारने के लिए आवश्यक जानकारी दी जा रही है तथा बच्चों की पढ़ाई के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में गूंज नई दिल्ली संस्था से सनी कुमार, जन सेवा परिषद के रंजीत कुमार चौबे, स्मृति कुमारी ,गूलेश्वर कुमार, मेघनाथ महतो, प्रमिला देवी एवं प्रदीप कुमार का सराहनीय योगदान है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## आजादी के 75 साल के बावजूद भी गुड़कुआ गांव में बिजली नहीं पहुंची

## ग्रामीण लालटेन युग में जीने को मजबूर

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



अंगों गांव जहां लालटेन युग में जीने को मजबूर लोग

हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड की सुदूरवर्ती आंगो पंचायत के गुड़कुआ वार्ड संख्या 6 में आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के बाद भी मूलभूत सु. विधाओं से वंचित है। बिजली के अभाव में आज भी यहां के लोग लालटेन युग में जीने को बेबस हैं। ज्ञात हो कि गांव की जनसंख्या का 95प्रतिशत अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं। प्रखंड के अन्य गांव रात होते ही बिजली के उजाले से जगमगा उठती है। परंतु इस गांव में अंधेरा छा जाता है।

**बिजली नहीं होने से मूलभूत समस्या**

यहां के किसान काफी मे. हनती है परंतु बिजली नहीं होने से किसान बिजली उपकरण से खेती करने में असमर्थ रहते हैं। और ना ही आज डिजिटल युग में यहां के किसान बिजली उपकरण के जैसी टीवी, सिंचाई पानी मोटर, मोबाइल आदि का उपयोग नहीं कर पाते हैं। टीवी आदि का इस्तेमाल नहीं होने से सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कई योजनाओं के जानकारी से ग्रामीण वंचित रह जाते हैं। किरोसिन आदि तेल भी इतनी महंगी है कि लालटेन,दिया जला नहीं सकते हैं। ना ही सिंचाई के लिए डीजल पंप सेट चला सकते हैं। साथ ही साथ बच्चों को पढ़ाई लिखाई करने में भी काफी कठिनाई होती है।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की समस्या को लेकर लगातार आवाज उठाने का प्रयास करता आ रहा हूं परंतु अब तक कोई लाभ नहीं मिला है । स्थानीय जनप्रतिनिधि, विधायक , मंत्री सभी को अवगत कराया कई बार जनप्रतिनिधियों को आवेदन भी दिया परंतु अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। चुनाव आते हैं बड़े से बड़े नेता इस समस्या को चुनावी मुद्दा बनाकर वोट लेकर चले जाते हैं चुनाव खत्म होते ही किसी भी नेता का ध्यान इस गांव पर नहीं पड़ता। गांव से महज 5 से 7 किलोमीटर दूरी पर उरीमारी कोयला परियोजना चल रही है। परंतु इस गांव पर अंधकार ही छाया रहता है । यहां से महज मात्र लगभग 15 से 17 किलोमीटर दूरी पर पतरातु थर्मल पावर पावर है बा. वजूद यहां के लोग आज भी बिजली के बिना ही जीवन यापन करने को मजबूर हैं। सबसे अजीबोगरीब बात यह है कि उरेज कॉलोनी से इसी गांव के पक्की सड़क के किनारे किनारे से 11,000 बिजली कनेक्शन असवा पानी टंकी ले जाया गया है।जिससे लोगों की आस जगी थी कि इसी से हम लोगों को भी ट्रांसफार्मर लगाकर कने. क्शन दे दिया जाएगा और गांव के प्रत्येक टोला में बिजली पहुंच जाएगी। परंतु यह भी सपना ही रह गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनप्रतिनिधि और बिजली विभाग के अधिकारियों के बीच इस गांव में बिजली को लेकर कई बार आवेदन दिया परंतु आज भी यहां के लोग बिजली नहीं पहुंचने से ठगा महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान सरकार पर भरोसा है कि जल्द ही गांव में बिजली पहुंचेगी।




Our Partners

ICICI Lombard General Insurance · TATA AIG Insurance · Liberty General Insurance · HDFC ERGO · Future Generali Total Insurance Solutions · digit · care Health Insurance · Royal Sundaram General Insurance · Oriental Insurance · New India Assurance · Chola MS General Insurance

सुविधा उपलब्धः—NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

## चेपाकला पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, 10 लोगों ने राशन कार्ड किया सरेंडर

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



चेक वितरण करते हुए मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता राकेश रोशन

बडकागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत में आपकी अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारश कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार रूप से जानकारी दी गई । 43 योजना एवं समस्याओं को लेकर सभी विभाग के द्वारा स्टॉल लगाई गई थी। उपस्थित मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने सभी स्थानों पर जाकर निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों से योजना एवं समस्याओं को लेकर पूछ. ताछ की। शिविर में वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, पशुपालन,कृषि लोन एवं बीमा के अलावा अन्य योजनाओं से संबंधित मामले को लेकर ग्रामीण अपना नाम अ०नलाइन रजिस्ट्रेशन करवाएं। शिविर में कुल 579 लोगों का आवेदन प्राप्त हुआ । जिसमें 10 राशन कार्ड धारियों ने कार्ड सलेंडर किया। कोविड-19 से बचाव हेतु शिविर में वैक्स. ीनेशन भी किया गया। डीपीएम प्रह्लाद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के द्वारा आधार कार्ड बनाने एवं सुधारने का कार्य किया गया। शि. विर में सखी मंडलियों के बीच 63 सदस्य टीम के बीच 975000 ऋण वितरण किया गया। वही आत्मा प्रेरणा से प्रेरित होकर 10 लोगो नें राशन कार्ड सरेंडर किया।अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने कहा कि शिविर में जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं सभी आवेदन पर गंभीरता से विचार कर समस्या का समाधान किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से अपर समाहर्ता राकेश रा. ेशन, बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडे, सीओ प्रभात भूषण सिंह, सीआई अनोज कुमार, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद, डॉ अविनाश कुमार, प्रखंड कृषि पदा. धिकारी रवि रंजन, प्रखंड पशु चिकित्सक डॉ जियाउल, पूजा राय, भास्कर राज, बीपीएम प्रह्लाद कुमार गुप्ता, दीपक कुमार, आशीष कुमार, नवीन विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, जमाल खान, मुखिया साधना कुमारी, कृष्णा राम, शंकर राम, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेश रजक, खेमानी साव, भुनेश्वर प्रजापति, आदित्य पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेश रजक के अलावा कई विभाग के अधिकारी शिविर में उपस्थित थे।

## एकल अभियान कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया कंबल वितरण

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



कंबल वितरण करते कार्यकर्ता

एकल अभियान हजारीबाग द्वारा चुरचू प्रखंड के ग्राम बोदरा, पिपरा पेंडा, पूरनपानी, चरही के अत्यंत जरूरतमंदों के बीच सर्दी के मौसम को देखते हुए सैकड़ों जरूरतमंदों को घर-घर जाकर कंबल, साबुन, दत्त मंजन आदि का वितरण किया गया। एकल अभियान के हजारीबाग भाग समिति का अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने वितरण किया गया। अभियान में मुख्य रूप से राजू कुमार, ग्राम योजना सह प्रमुख, बालक पुरी हजारीबाग भाग संरक्षक, अनूप भाई वर्मा भाग सदस्य एवं मीडिया प्रभारी, चुरचू प्रखंड संचय प्रमुख लक्ष्मी कुमारी, नरेश प्रसाद, भाग कोषाध्यक्ष अजय माहतो, संच समिति सदस्य सुरज कुमार, ग्राम प्रमुख हरिचरण ग्राम समिति, मनोज कुमार महतो भाग कार्यालय प्रमुख, कपिल महतो अंचल अभियान प्रमुख, बिरेंद्र तिवारी भाग उपाध्यक्ष, हरेन्द्र सिंह भाग ग्राम स्वराज, होरील शर्मा संच समिति अध्यक्ष, टे. कलाल जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला मार्ग प्रमुख, ओमप्रकाश भाग अभियान प्रमुख, सहादेव किस्कू ग्राम प्रमुख, महात्मा मुर्मू ग्राम समिति अनीता हांसदा, अभियान में अपना दायित्व निभाते हुए सभी लोगों के बीच जाकर कंबल वितरण करने का कार्य किया गया। अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ जरूरतमंदों को सेवा देना भी एकल अभियान का एक अभियान होता है। साथ ही मीडिया प्रभारी अनूप भाई वर्मा ने बताया है कि एकल अभियान के द्वारा जहां पर शिक्षा का अभाव दूरदराज क्षेत्रों में है वहां पर एकल विद्यालय खोलकर शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया जा रहा है और अपने भारतीय संस्कृति के प्रति भी सभी लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाती है। एकल विद्यालय के आचार्य शिक्षा के साथ-साथ सामा. जिक उत्थान के लिए भी हमेशा कार्य करते हैं।

